कार्यक्षेत्रीय मण्डल – वाराणसी, आजमगढ़, मिर्जापुर।
कार्यक्षेत्रीय जनपद– वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र।
**कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।**
डी0–57/58, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन न0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns001@gmail.com Website-www.rheovns.co.in


**पत्रांक : क्षे0का0वा0/ 2202 – 06 /2021–22, दिनांक : 24/12/2021**

सेवा में,

1. समस्त कुलसचिव
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय /अशासकीय सहायता प्राप्त/स्व वित्तपोषित महाविद्यालय
   क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी।

विषय– प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशिक्तकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत दिनांक 25.12.2021 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में प्रस्तावित टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्रांक–2005/77–1–2021, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 लखनऊ, दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशिक्तकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत दिनांक 25.12.2021 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में प्रस्तावित टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के सम्बन्ध में है। उक्त के क्रम में **पत्र में दिये गए निर्देशानुसार प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा।**

अतः पत्र की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि निर्धारित तिथि को विश्वविद्यालय/महाविद्यालय खोले जाने एवं सजीव प्रसारण हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।

संलग्नक– उक्तावत

भवदीय
24/12/21

डॉ0(ज्ञान प्रकाश वर्मा)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

पृ0सं0/क्षे0का0वा0/ /2021–22 तद् दिनांक–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त वाराणसी मण्डल, आजमगढ़ मण्डल एवं मीरजापुर मण्डल।
2. शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, आजमगढ़, मऊ एवं बलिया।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

संख्या– 2005/77–1–2021

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

औद्योगिक विकास अनुभाग–1 लखनऊ, दिनांक 21 दिसम्बर, 2021

**विषय :– प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनान्तर्गत दिनांक 25–12–2021 को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में प्रस्तावित टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अवगत हों कि दिनांक 25–12–2021 को मध्याह्न 12:00 बजे से 03:00 बजे के मध्य मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में युवा जनशक्ति को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में समस्त जनपदों से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रत्येक जनपद से 200 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग करेंगें। स्टेडियम की अवशेष क्षमता के अनुरूप जनपद लखनऊ के विभिन्न संस्थानों के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

2– उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत निम्नवत् निर्देश दिए जाते हैं :–

(1) **जिलाधिकारी, लखनऊ के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही :–**

- उक्त कार्यक्रम हेतु लखनऊ जनपद में श्री अश्वनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ (मो0नं0–9454465461) को नोडल अधिकारी एवं श्री धर्मेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, भू–अर्जन–1, लखनऊ (मो0नं0–9454416487) को सह नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। उक्त अधिकारियों द्वारा अन्य जनपदों के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित किया जाएगा।
- जनपदों से आने वाले छात्र/छात्राओं, नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों के रहने व खान–पान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रवेश–द्वारों से छात्र/छात्राओं के आने–जाने की व्यवस्था, टैबलेट/स्मार्टफोन को समस्त जनपदों के नोडल अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अन्य अनुषांगिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।
- आयोजन के मिनट दर मिनट कार्यक्रम एवं डायस प्लान के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी से विचार–विमर्श करते हुए तदनुसार सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया जाए।

- स्टेडियम के समस्त द्वारों से प्रवेश हेतु सुगमता के दृष्टिगत साइन बोर्ड आदि की व्यवस्था की जाए।
- ऐसे जनपद जिनके छात्र/छात्राएं एक दिन पूर्व लखनऊ आएंगें उनके ठहरने की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए।
- ऐसे जनपद जिनके छात्र/छात्राएं लखनऊ में ठहरेंगें उनमें छात्राओं के ठहरने की व्यवस्था पृथक से की जाए तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए।
- कार्यक्रम हेतु मंच, साउण्ड, 20 हजार अतिरिक्त कुर्सी एवं साज–सज्जा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- कार्यक्रम के दिन लगभग 60 हजार लाभार्थियों के जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- दिनांक 24–12–2021 को लखनऊ में रूकने वाले अन्य जनपदों से आए छात्र/छात्राओं हेतु रात्रि भोजन एवं दिनांक 25–12–2021 के प्रातः नाश्ते की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- इस कार्यक्रम के आयोजन पर आने वाला व्यय योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से वहन किया जाएगा। जिलाधिकारी लखनऊ अनुमानित व्यय का आंकलन अविलम्ब शासन/नोडल एजेन्सी को उपलब्ध करा दें।

(2) **पुलिस आयुक्त, लखनऊ के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही** :–

- समस्त जनपदों से आने वाले छात्र/छात्राओं के आवागमन एवं उनके ठहरने के स्थान पर यथोचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- चूंकि स्टेडियम की सम्पूर्ण क्षमता का उपयोग किया जा रहा है, अतः आने–जाने वाले वाहनों का विश्लेषण करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पथ–प्रदर्शक एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं भी प्रदर्शित की जाएं।
- जिलाधिकारी लखनऊ के साथ समन्वय करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था, कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु यथोचित सुरक्षा बल तैनात किया जाए।

(3) **लखनऊ के अतिरिक्त अन्य समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही** :–

- उक्त कार्यक्रम में समस्त जनपदों से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रत्येक जनपद से 200 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग करेंगें।
- सम्बन्धित जनपदों से एक सक्षम प्रतिनिधि/अधिकारी जनपद लखनऊ में दिनांक 24–12–2021 तक उपस्थित होकर जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा नामित नोडल अधिकारी से सम्पर्क स्थापित करेंगें।
- सम्बन्धित सक्षम प्रतिनिधि/अधिकारी द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ का भ्रमण कर यह स्वयं देख लेंगें कि उनके जनपद के छात्र/छात्राओं के बैठने

की व्यवस्था कहां की गई है? समस्त जनपदों से आने वाले छात्र/छात्राओं के रुकने एवं खान–पान की व्यवस्था जनपद लखनऊ में नामित नोडल अधिकारी द्वारा की जाएगी।

- जनपदों से लखनऊ आने–जाने हेतु प्रत्येक जनपद से चार बसों की व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से कर ली जाए। यदि जनपदों द्वारा कालेजों के वाहनों का प्रयोग किया जाता है तो तदनुसार उनके पी0ओ0एल0 तथा अन्य अनुसांगिक व्यय के भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- प्रत्येक बस में एक सरकारी अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- प्रत्येक जनपद से लगभग 3 से 4 सरकारी कार्मिक, लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाले डिवाइसेस पर वितरण पर्ची चिपकाने में मदद हेतु साथ में लाना सुनिश्चित करें।
- उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु योजना से आच्छादित जिन छात्र/छात्राओं को दिनांक 25–12–2021 को उपस्थित होना है उन्हे दिनांक 25–12–2021 की सुबह 10:00 बजे तक लखनऊ अवश्य भिजवा दें। जिन जनपदों के लाभार्थी दिनांक 25–12–2021 की सुबह लखनऊ नहीं पहुंच सकते हैं, उनको 24–12–2021 की सायं तक लखनऊ भिजवाना सुनिश्चित करें। उनके ठहरने एवं खानपान के लिए प्रस्तर–1 में उल्लिखित लखनऊ जनपद के नोडल अधिकारी द्वारा व्यवस्था की जाएगी।
- जनपद स्तर पर प्रत्येक कालेजों में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा, इस हेतु सूचना विभाग से पृथक से अनुरोध किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी सभी कालेजों को तद्दिनांक खोले जाने एवं वहां उपस्थित होने वाले छात्र/छात्राओं के सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था करेंगें।
- सम्बन्धित जनपदों के सक्षम प्रतिनिधि/अधिकारी द्वारा लाभार्थियों को वितरित की जाने वाली डिवाइसेस प्रस्तर–2(1) में नामित लखनऊ जनपद के नोडल अधिकारी से प्राप्त की जाएगी।
- उपरोक्त समस्त हेतु किए जाने व्यय के सम्बन्ध में पृथक से बजटीय प्राविधान किया जाएगा।

(4) **<u>सूचना विभाग के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही :–</u>**

- सूचना विभाग द्वारा जनपद स्तर पर समस्त कालेजों एवं कार्यक्रम स्थल पर मीडिया प्रबन्धन करते हुए उक्त कार्यक्रम का सम्बन्धित जिलाधिकारियों के माध्यम से सजीव प्रसारण कराया जाएगा।

➢ किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति में प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को– श्री कुमार विनीत (मो0 नं0--9415074322) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
अपर मुख्य सचिव

संख्या व दिनांक : यथोपरि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2– कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।

3– अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।

4– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

5– अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

6– अपर मुख्य सचिव, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

7– अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग/प्राविधिक शिक्षा विभाग/व्यावसायिक शिक्षा–कौशल विकास मिशन/चिकित्सा शिक्षा विभाग/चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग/कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग/दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग/पशुधन विभाग/संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।

8– प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उ0प्र0 शासन।

9– प्रमुख सचिव, खेल विभाग, उ0प्र0 शासन।

10– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सडक परिवहन निगम को इस आशय से प्रेषित कि जनपदों द्वारा मांगे जाने पर यथाशीघ्र उपयुक्त वाहन उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

11– प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, लखनऊ।

12– उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

13– इन्चार्ज, भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ द्वारा जिलाधिकारी, लखनऊ।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार)
अपर मुख्य सचिव